साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



संस्थापक : कर्मयोगी श्री मुंशी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को सर्वाधिक रक्तदान के लिए किया सम्मानित

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Tuesday,22 February , 2022)

Ballabgarh News, 22 February 2022 (bharatdartshannews.com) : दिनांक 19 फरवरी 2022 को रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा वर्ष भर में होने वाले रक्तदान शिविरों के आयोजन E®a सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए धन्यवाद सम्मान समारोह फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कियाA समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन श्री अनूप मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहेA इस सम्मान समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ आकर्षण का केंद्र रहा क्योंकि महाविद्यालय प्राचार्य श्री कृष्ण कांत गुप्ता जी के संरक्षण में महाविद्यालय मे रक्तदान शिविरों का आयोजन होता रहा है A प्राचार्य जी का कहना है कि रक्तदान जीवनदान है और इस प्रकार हम किसी का जीवन तो बचाते ही हैं, उसके साथ साथ पीड़ित के परिवार की खुशियों को भी बचाते हैं क्योंकि किसी व्यक्ति की मृत्यु से उसके सारे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता हैA अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को वर्ष 2020-21 मैं रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने ट्रॉफी से सम्मानित किया व किसी भी शिक्षण संस्थान द्वारा सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए रोटेरियन स्वर्गीय श्री एस. सी गुंबर मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित कियाA प्राचार्य जी के आदेशानुसार यह सम्मान श्री विनीत नागपाल जी ने प्राप्त कियाA महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग में इस सम्मान के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत जी को बधाइयां दीA